अमर उजाला 10/04/2025

मानसिक स्वास्थ्य किशोरों में जोखिमों पर बनाए मॉडल

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग ने मानसिक स्वास्थ्य और किशोरों में जोखिमों पर मॉडल बनाने की एक गतिविधि आयोजित की। इस गतिविधि के दौरान छात्रों ने मानसिक स्वास्थ्य और किशोरों में जोखिमों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मॉडल बनाए।

उन्होंने इन जोखिमों के प्रभावों और परिणामों को भी दर्शाया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस गतिविधि का अवलोकन किया और छात्रों को अपने विचार और सुझाव दिए। यह मॉडल निर्माण गतिविधि विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिहाग के मार्गदर्शन में आयोजित की गई।

जीएमएन कॉलेज आयोजित की गतिविधि

इस कार्यक्रम में प्रयोगशाला सहायक अनिल कुमार भी उपस्थित रहे। इसी तरह कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आउटरीच गतिविधि का आयोजन किया गया। इसमें बीएससी नर्सिंग के छात्रों को व्यक्तिगत हाइजीन के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।